E-mail: secy.keeklitrust@gmail.com
PAN No - AADTK6854B
Reg. No. 267/2028 dt. 28/09/2018

Little Feet, Big Strides!
कीकली Charitable Trust ®

Address: #1, Lehnu Bhawan,
Jakhoo,
Shimla 171001
Himachal Pradesh
India

Vandana Bhagra
President
(80910 21796)

Namita Lal
Vice President
(98166 68617)

Ritanjali Hastir
Secretary
(98170 95985)

Tarandeep Kaur,
Treasurer
(98163 39449)

Isha Kumra,
Assistant Secretary
(98161 48001)

Shalini Prashar
Assistant Treasurer
(94189 50038)

Mamta Rakhra
Communications Head
(70186 21302)

Mamta Saini
Promotions Head
(92185 62000)

Letter No: KCT/ FY-25-26-May/1700 Date: 05/05/25

**बाल रंगमंच उत्सव - अंतर विद्यालय हिंदी नाटक प्रतियोगिता**

**(गोथिक हॉल, गेयटी थिएटर; 3 - 5 शुक्रवार-रविवार; अक्टूबर, 2025; शिमला)**
**(केवल 20 टीमें भाग ले सकती हैं; हर स्कूल के साथ क्रिएटिव डायरेक्टर्स काम करेंगे)**

आदरणीय प्राचार्य,

हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कीकली चैरिटेबल ट्रस्ट अंतर विद्यालय हिंदी नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्कूलों को आमंत्रित कर रहा है, जो 3 - 5 अक्टूबर, 2025 को गोथिक हॉल, गेयटी थिएटर, शिमला में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हिमाचली लेखकों द्वारा लिखी गई लघु कथाओं को नाट्य रूप में परिवर्तित करना और बच्चों को शार्ट प्ले में भाग लेने और प्रदर्शन करने का एक खुला मंच प्रदान करना है।

यह तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव शहरवासियों के लिए एक विशेष अवसर होगा। प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार श्रीनिवास जोशी, जवाहर कॉल, भूपिंदर शर्मा, और विवेक मोहन शामिल हैं, और सहायक क्रिएटिव डायरेक्टर्स है – श्रुति रोहटा, रुपेश भीमटा, नीरज पराशर, संजीव अरोरा, और नरेश के. मींचा । इस आयोजन के समन्वयक शिक्षकों और भाग लेने वाले छात्रों के साथ कार्यशाला लेंगे, और नाट्य कला की तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं से परिचित कराएंगे।

**नियम:**
शार्ट प्ले की अधिकतम अवधि 20 मिनट होगी। स्कूलों के चयन के बाद, उन्हें कहानी और वित्तीय सहायता (₹3000/-) दी जाएगी। भाग लेने वाली टीमों के पास यह विकल्प भी है कि वे स्वयं कहानियां चुन सकते हैं, एकमात्र शर्त यह है कि कहानी हिमाचल के लेखक द्वारा लिखी गई हो और हमें कहानी उपयोग करने के लिए लिखित अनुमति प्राप्त होनी चाहिए। **विस्तृत नियम और दिशा-निर्देश 1-10 जून** तक दिए जाएंगे। शिक्षकों के लिए एक कार्यशाला गैयटी सभागार में आयोजित की जाएगी। अपडेट्स के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा।

**सितंबर के दुसरे सप्ताह (12-14; शुक्रवार-रविवार)** में प्रत्येक टीम को अंतिम रिहर्सल के लिए समय स्लॉट दिया जाएगा, जहां कोर टीम नाटक देखेगी और अपने विचार साझा करेगी। इस दौरान कोर टीम स्टेज सेटिंग, ध्वनि और प्रदर्शन में मदद प्रदान करेगी।

यदि किसी टीम ने आमंत्रण स्वीकार किया और फिर प्रदर्शन करने में विफल रही या नाम वापस लिया, तो उन्हें धन राशि वापस करनी होगी।

**समय रेखा:**
**अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के लिए अंतिम तिथि 20 मई है।**
कहानी और वित्तीय सहायता की राशि वितरित करने की तिथि: 1-10 जून
शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला: सत्र 1 — कहानियों का नाटकों में रूपांतरण; सत्र 2 — नाट्य प्रदर्शनों में सुधार, जून के महीने में । टीमों के चयन के बाद अंतिम तिथि साझा की जाएगी।



E-mail: secy.keeklitrust@gmail.com
PAN No - AADTK6854B
Reg. No. 267/2028 dt. 28/09/2018

Little Feet, Big Strides!
कीकली
Charitable Trust ®

Address: #1, Lehnu Bhawan,
Jakhoo,
Shimla 171001
Himachal Pradesh
India

Vandana Bhagra
President
(80910 21796)

Namita Lal
Vice President
(98166 68617)

Ritanjali Hastir
Secretary
(98170 95985)

Tarandeep Kaur,
Treasurer
(98163 39449)

Isha Kumra,
Assistant Secretary
(98161 48001)

Shalini Prashar
Assistant Treasurer
(94189 50038)

Mamta Rakhra
Communications Head
(98166 33917)

Mamta Saini
Promotions Head
(92185 62000)

नियमों और दिशा-निर्देशों के आधार पर कहानियों को अनुकूलित करने और टीम को अंतिम रूप देने के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। भाग लेने वाले छात्रों के नाम और उनकी फोटो देनी होगी । स्कूलों को तैयारी के लिए तीन महीने का समय मिलेगा।

**अंतिम प्रदर्शन - अस्थायी कार्यक्रम:**

- **दिन 1: 3 अक्टूबर (शुक्रवार):** सुबह 11.00 बजे (उद्घाटन); प्रदर्शन: सुबह 11.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक (एक घंटे का लंच ब्रेक)
- **दिन 2: 4 अक्टूबर (शनिवार):** प्रदर्शन: सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक (एक घंटे का लंच ब्रेक)
- **दिन 3: 5 अक्टूबर (रविवार):** प्रदर्शन: सुबह 11.00 बजे से 1.00; समापन समारोह और पुरस्कार - 2.00 बजे

**भागीदारी सहमति:**

**जो स्कूल भाग लेना चाहते हैं, कृपया हमें मेल के माध्यम से कन्फर्मेशन भेजें और शिक्षक का नाम और संपर्क नंबर भी दें - अंतिम तिथि 20 मई ।**

चयन "पहले आओ, पहले पाओ" के सिद्धांत पर आधारित होगा, इसलिए समय का महत्व अत्यधिक है।

हम आशा करते हैं कि आप इस अद्वितीय अवसर का लाभ उठाएंगे और बच्चों को इस शानदार कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही, कार्यशालाओं के माध्यम से उन्हें क्षेत्रीय कलाकारों से सीखने का मौका भी मिलेगा।

सादर प्रणाम,

Isha

ईशा कुमरा
सह सचिव

